SAMPLE CIVIL JUDGE RE MAINS-2014

# 2014

# LAW
# विधि

## PAPER – I
## प्रश्न–पत्र – I

**Full Marks : 100** | **Time : 3 Hours**

**पूर्णांक : 100** | **समय : 3 घण्टे**

---

**Note :**

**सूचना :**

*Question paper is **divided** into **five** Sections. **Each** Section has **two** questions of each **20** marks. Out of which candidates have to answer **only one** question compulsorily from **each** Section.*

*प्रश्न पत्र **पाँच** सेक्शन (खण्डों) में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में **20** अंक के **दो** प्रश्न हैं। जिनमें से प्रत्येक खण्ड से सिर्फ **एक** प्रश्न का उत्तर **अनिवार्य** रूप से देना है।*

**Marks**
**अंक**

### SECTION – A
### खण्ड – क

1. a) Define court which passed a decree and explain the provisions for transfer of decree for execution. 10

डिक्री पारित करने वाले न्यायालय की परिभाषा देते हुए निष्पादन के लिए डिक्री के अन्तरण सम्बन्धी प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए।

b) What is doctrine of Res Judicata ? Under this doctrine when trial of the suit can be stayed by a court ? 10

पूर्व न्याय का सिद्धांत क्या है ? यह सिद्धांत अनुसार न्यायालय द्वारा वाद का विचारण कब रोका जाता है ?

Marks
अंक

2. While narrating the suitable provisions of the law, discuss the effect of the following : (5×4=20)

a) Where a necessary person is not made a party to the suit ?

b) Where plaint is not presented in a proper court ?

c) Where on the date of hearing, the defendant only appears before the court ?

d) Where all the reliefs have not been claimed in one suit ?

विधि के सुसंगत उपबंधों का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित के प्रभाव की विवेचना कीजिए :

a) जहाँ आवश्यक व्यक्ति को वाद का पक्षकार नहीं बनाया गया है,

b) जहाँ वाद पत्र उपयुक्त न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है,

c) जहाँ सुनवाई की विधि पर केवल प्रतिवादी न्यायालय के समक्ष उपस्थित होता है,

d) जहाँ एकही वाद में सभी अनुतोषों की माँग नहीं की गयी है।

## SECTION – B

## खण्ड – ख

3. a) "For every distinct offence of which any person is accused, there shall be a separate charge and every such charge shall be tried separately." Explain and illustrate this rule. 10

b) "Is a defective charge necessarily fatal to conviction ?" Discuss. 5

c) 'A' states on oath before the Magistrate that he saw 'B' hit 'C' with a club. Before the Session Court 'A' states on oath that 'B' never hit 'C'. May 'A' be charged and convicted accordingly for intentionally giving false evidence ? Decide and refer to relevant provisions of the Code. 5

Marks
अंक

a) "प्रत्येक सुभिन्न अपराध के लिए, जिसका किसी व्यक्ति पर अभियोग है, पृथक आरोप होगा और ऐसे प्रत्येक आरोप का विवरण पृथकत: किया जाएगा।" इस नियम को सोदाहरण समझाइए।

b) "क्या त्रुटिपूर्ण आरोप दोषसिद्धि के लिए अनिवार्य रूप से घातक है ?" विवेचना कीजिए।

c) 'क' मजिस्ट्रेट के समक्ष शपथ पर कहता है कि उसने देखा है कि 'ख' ने 'ग' को लाठी मारी। सेशन न्यायालय के समक्ष 'क' शपथ पर कहता है कि 'ख' ने 'ग' को कभी नहीं मारा। क्या 'क' पर साशय मिथ्या साक्ष्य देने के लिए आरोप लगाया जा सकेगा और तद्नुसार दोषसिद्ध किया जा सकेगा ? विनिर्धारित कीजिए और संहिता के सुसंगत उपबंधों को निर्देशित कीजिए।

4. a) What are the conditions when a Magistrate may take cognizance of any offence ? State also the cases where no court shall take cognizance unless some conditions are fulfilled. 15

b) "No appeal would lie unless provided by law." Discuss the statement and refer to relevant provisions of the Code of Criminal Procedure, 1973. 5

a) वह क्या दशाएँ हैं जब मजिस्ट्रेट किसी अपराध का संज्ञान ले सकेगा ? उन मामलों को बतलाइए जहाँ कोई न्यायालय, जब तक कुछ दशाओं की विद्यमानता न हो, तब तक संज्ञान नहीं लेगा।

b) 'जब तक विधि द्वारा प्रदत्त न हो, कोई अपील नहीं होगी।' इस कथन की विवेचना कीजिए तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के सुसंगत प्रावधानों को उद्धृत कीजिए।

## SECTION – C
## खण्ड – ग

5. a) 'Mens-rea is an essential element in every crime.' Explain this rule and state to what extent it is applicable to the offences under the Indian Penal Code, 1860. 10

b) 'A' and 'B' are brothers who were found quarrelling and abusing each other on a public road in a town and a large crowd gathered and the traffic was temporarily suspended. Discuss the criminal liability of 'A' and 'B' and support your answer with provisions of I.P.C. 5

Marks
अंक

c) 'A' puts jewels into box belonging to 'Z', with intention that they may be found in the box and that this circumstance may cause 'Z' to be convicted of theft. Has 'A' committed any offence ? If so, discuss the criminal liability of 'A'. 5

a) 'प्रत्येक अपराध में दुराशय एक आवश्यक तत्त्व होता है।' इस नियम की व्याख्या कीजिए और बताइये कि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत के अपराधों के लिए यह नियम किस सीमा तक लागू होता है ?

b) 'क' और 'ख' भाई हैं जो एक कस्बे की आम सड़क पर आपस में झगड़ रहे थे और अपशब्द बोल रहे थे। वहाँ बड़ा जनसमूह इकट्ठा हो गया, लोगों का आना-जाना कुछ देर के लिए बन्द हो गया। 'क' और 'ख' के आपराधिक दायित्व की विवेचना कीजिए। भा.द.सं. के उपबंधों से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

c) 'क' एक बक्स में, जो 'य' का है, इस आशय से आभूषण रखता है कि वे उस बक्स में पाये जाएँ और इस परिस्थिति से 'य' चोरी के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाए। क्या 'क' ने कोई अपराध किया ? यदि ऐसा, 'क' के आपराधिक दायित्व की विवेचना कीजिए।

6\. a) Critically examine the impact of the offences amended and inserted into the Indian Penal Code, 1860 by the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 to protect women against : 10

   a) Sexual Harassment and

   b) Rape.

b) 'All murders are culpable homicide but all culpable homicides are not murder.' Explain and illustrate. Refer to decided case law. 10

a) महिलाओं को अ) यौन उत्पीड़न, और ब) बलात्कार के विरुद्द संरक्षण के लिए अपराध विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा संशोधित और प्रतिस्थापित अपराधों के प्रभाव का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

b) ''सभी हत्यायें आपराधिक मानव-वध हैं, परन्तु सभी आपराधिक मानव-वध हत्या नहीं हैं।'' सोदाहरण व्याख्या कीजिए। निर्णीत वाद-विधि को उद्धृत कीजिए।

Marks
अंक

## SECTION – D
## खण्ड – घ

7\. a) "Oral evidence is excluded by documentary evidence." Explain this rule and state the exceptions, if any, to this rule. 10

b) Can evidence be given to contradict a witness in the following cases ? (5+5)

i) A witness is asked whether he was dismissed for dishonesty from service ? He denies.

ii) A witness is asked whether his family had blood-feud with the family of 'B' against whom he was giving evidence ? He denies.

a) 'मौखिक साक्ष्य का अपवर्जन दस्तावेजी साक्ष्य के द्वारा होता है ।'' इस नियम को समझाइए तथा इस नियम के अपवादों, यदि कोई हों, को बताइए ।

b) क्या निम्नलिखित मामलों में साक्षी के खण्डन हेतु साक्ष्य दिया जा सकता है ?

i) साक्षी से प्रश्न किया जाता है कि क्या वह बेईमानी के कारण नौकरी से निकाल दिया गया ? वह इनकार करता है ।

ii) साक्षी से प्रश्न किया जाता है कि क्या उसके कुटुम्ब का 'ख' के कुटुम्ब से, जिसके विरुद्ध साक्ष्य दिया जा रहा है, कुल-वैर है ? वह इनकार करता है ।

8\. a) "When a witness is asked and answers any question which is relevant only to shake his credit, then as a general rule no evidence can be given to contradict him". Comment and describe, the exceptions, if any, to this general rule. 10

b) Which of the following statements are relevant as 'Admission' ? (5+5)

i) 'A' undertakes to collect rents for 'B'. 'B' sues 'A' for not collecting rent due from 'C' to 'B'. 'A' denies that rent was due from 'C' to 'B'.

ii) 'A' sells a horse to 'B'. 'B' asks-whether horse is sound ? 'A' says to 'B' – "Go and ask 'C', 'C' knows all about it". 'C' tells about soundness about horse.

Marks
अंक

a) "जब कोई साक्षी किसी ऐसे प्रश्न का उत्तर देता है जो मात्र उसकी विश्वसनीयता को धक्का पहुँचाने हेतु ही सुसंगत है, तो सामान्य नियम के रूप में उसके द्वारा दिए गये उत्तर का खण्डन नहीं किया जा सकता।" इस नियम का, यदि कोई अपवाद हो, वर्णन कीजिए।

b) निम्नलिखित में से कौन सा कथन स्वीकृति होने के कारण सुसंगत है ?

i) 'ख' के लिए भाटक संग्रह का दायित्व 'क' लेता है। 'ग' द्वारा 'ख' को शोध्य भाटक संग्रह न करने के लिए 'क' पर 'ख' वाद लाता है। 'क' इस बात का प्रत्याख्यान करता है कि 'ग' से 'ख' को भाटक देय था।

ii) 'क', 'ख' को घोड़ा बेचता है। 'ख' पूछता है कि क्या घोड़ा अच्छा है ? 'ख' से 'क' कहता है कि "जाकर 'ग' से पूछ लो, 'ग' इस बारे में सब कुछ जानता है।" 'ग' घोड़े की अच्छाई के बारे में बताता है।

## SECTION – E
## खण्ड – ङ

9. a) What are the circumstances under which certain period of time is excluded while computing the limitation period ? Explain. **10**

b) Advice 'A' in the following cases : **(5+5)**

i) 'B' the debtor of 'A', promises to pay his debt in writing and signed by him on the last day of limitation period.

ii) 'B', the judgement debtor of 'A' prevents 'A' by fraud or force from executing the decree within the limitation period.

a) वह कौन सी परिस्थितियाँ है जिनके अन्तर्गत मियाद (परिसीमा) अवधि की गणना करते समय कुछ निश्चित समयावधि को अपवर्जित किया जाता है ? स्पष्ट करें।

b) निम्नलिखित मामलों में 'अ' को राय दीजिए :

i) 'ब', 'अ' का ऋणी है और मियाद के अन्तिम दिन वह लिखित एवं हस्ताक्षरित रूप में 'अ' को ऋण चुकाने का वचन देता है।

ii) 'ब', 'अ' का निर्णीत ऋणी है। वह 'अ' को कपट या बल के द्वारा मियाद अवधि के अन्तर्गत डिक्री के निष्पादन से रोक देता है।

Marks
अंक

10. a) "Limitation bars the remedy, but does not destroy the right." Discuss the statement. **10**

b) Advice 'A' in the following cases : **(5+5)**

i) 'A's limitation period expires on a day on which the court is closed.

ii) 'A' fails to file the appeal within the period of limitation due to illness.

a) "परिसीमा उपचार का वर्जन करती है, परन्तु अधिकार का विनाश नहीं करती।" इस कथन की विवेचना कीजिए।

b) निम्नलिखित मामलों में 'अ' को राय दीजिए :

i) 'अ' की मियाद अवधि उस दिन समाप्त होती है जिस दिन न्यायालय बन्द होता है।

ii) बीमार होने के कारण 'अ' मियाद अवधि के अन्तर्गत अपनी अपील प्रस्तुत करने में असफल हो जाता है।

---

# 2014

# LAW

# विधि

## PAPER – II

## प्रश्न–पत्र – II

**Full Marks : 100**
**पूर्णांक : 100**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

**Note :**
**सूचना :**

*Candidates are required to answer* ***five*** *questions, selecting* ***compulsory one*** *question from* ***each*** *Section.*
*अभ्यर्थीगण कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक खण्ड से* ***एक*** *प्रश्न का उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

**Marks**
**अंक**

## SECTION – A
## खण्ड – क

1. (a) "A contract can not be enforced by a person who is not party to it, eventhough it is made for his benefit." Explain and point out the exceptions to this rule. **15**
"एक संविदा ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रवर्तित नहीं कराई जा सकती है जो उसका पक्षकार नहीं है भले ही संविदा उसके लाभ के लिए हो।" व्याख्या कीजिए और इस नियम के अपवादों को बताइये।

(b) 'A' out of natural love and affection promises to pay his son Rs. 10,000. He puts promise in writing and registers it. How far is the contract valid ? **5**
'क' प्राकृतिक प्रेम व स्नेह के कारण अपने पुत्र को 10,000 रु. देने के वचन देता है। संविदा लिखित व पंजीकृत है। संविदा कहाँ तक वैध है ?

2. (a) Discuss the rule relating to damages laid down in the case of Hadley V. Baxendale. **10**
हॅडले ब. बॅक्सेन्डेल के वाद में प्रतिपादित क्षतिपूर्ति के नियम की विवेचना कीजिए।

(b) "An agreement without consideration is void." Explain the rule and point out its exceptions. **10**
"बिना प्रतिफल के किया गया करार शून्य होता है।" इस नियम की व्याख्या कीजिए और इसके अपवादों को बतलाइए।

Marks
अंक

## SECTION – B
## खण्ड – ख

3. (a) Who is unpaid seller ? What are the rights of an unpaid seller ? 10
अदत्त विक्रेता कौन है ? अदत्त विक्रेता के क्या अधिकार हैं ?

(b) Explain the doctrine of caveat emptor with its exceptions. 10
क्रेता सावधान के सिद्धान्त की इसके अपवादों के साथ विवेचना कीजिए।

4. (a) Discuss the doctrine of 'nemo dat quod non habet'. What are the exceptions to this doctrine ? 15
'नेमो डेट कोड नान हॅबेट' के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। इस सिद्धान्त के अपवादों को भी बतलाइए।

(b) 'A' finds a ring and after making reasonable efforts to discover the owner, sells it to 'B', who buys without knowledge that A was merely a finder. Can the true owner recover the ring from 'B' ? 5
'क' एक अंगूठी प्राप्त करता है और उसके स्वामी का पता लगाने के प्रयास के बाद इसे 'ख' को बेच देता है, जो इस बात की जानकारी के बिना कि 'क' केवल प्राप्तकर्ता है, उसे खरीद लेता है। क्या वास्तविक स्वामी 'ख' से अंगूठी वापस प्राप्त कर सकता है ?

## SECTION – C
## खण्ड – ग

5. (a) "A banker is bound to honour his customer's cheque." In the light of this statement discuss the liability of a banker for wrongful dishonour of cheque. 10
'एक बैंकर अपने ग्राहक के चेक का समादर करने के लिए बाध्य है।'' उक्त कथन के आलोक में चेक के दोषपूर्ण अनादरण के लिए बैंकर के दायित्व की विवेचना कीजिए।

(b) What is endorsement ? Explain different kinds of endorsement. 10
पृष्ठांकन क्या है ? विभिन्न प्रकार के पृष्ठांकन की व्याख्या कीजिए।

6. (a) Discuss that a 'holder in due course' is a 'holder' but a 'holder' is not a 'holder in due course'. 10
'सम्यक् अनुक्रम धारक' एक 'धारक' है किंतु 'धारक' एक 'सम्यक् अनुक्रम धारक' नहीं है की विवेचना कीजिए।

(b) Define 'Bill of Exchange'. How is it different from 'cheque' ? 10
विनिमय पत्र की परिभाषा दीजिए। यह चेक से किस प्रकार भिन्न है ?

Marks
अंक

## SECTION – D
## खण्ड – घ

7. (a) Define an arbitration agreement. Distinguish between arbitration agreement and agreement for expert determination. 15

विवाचन करार की परिभाषा दीजिए। विवाचन करार तथा विशेषज्ञ विनिश्चयन के करार में अन्तर बतलाइए।

(b) Ram and Shyam agreed in writing to resolve the disputes arising out of their contract by way of arbitration to be done by a tribunal consisting of two arbitrators, one to be selected by each party. An award was passed by the tribunal on a dispute submitted by the parties. Ram challenged the award. Decide. 5

राम व श्याम ने लिखित समझौता किया कि उनके बीच संविदा जन्य विवाद का निस्तारण दो विवाचकों वाले न्यायाधिकरण के द्वारा विवाचन द्वारा होगा। न्यायाधिकरण में प्रत्येक पक्षकार द्वारा चयनित एक विवाचक रहेगा। पक्षकारों द्वारा सौंपे गये विवाद पर न्यायाधिकरण द्वारा पंचाट जारी किया गया। राम ने पंचाट को चुनौती दी। विनिश्चय कीजिए।

8. (a) Discuss the grounds for setting aside an arbitral award. 10

एक विवाचन पंचाट को निरस्त करने के आधारों की विवेचना कीजिए।

(b) Can exparte order may be passed by arbitrator ? 10

क्या विवाचक द्वारा एक पक्षीय आदेश पास किया जा सकता है ?

## SECTION – E
## खण्ड – ङ

9. (a) Define subrogation. Who are the persons entitled for subrogation ? Distinguish between legal and conventional subrogation. 15

प्रत्यासन की परिभाषा दीजिए। प्रत्यासन करने के लिए कौन लोग अधिकृत हैं ? विधिक एवं परम्परागत प्रत्यासन में भेद बतलाइए।

Marks
अंक

(b) There is a contract to sell a house between 'A' and 'B'. 'B' files a suit against 'A' for specific performance of contract. While the suit is pending 'A' sells the house to 'C' who does not have notice of pendency of suit. Suit is decreed in favour of 'B'. Can the decree be executed against 'C' ? 5

'क' तथा 'ख' के बीच मकान विक्रय की संविदा होती है। 'ख' संविदा के विनिर्दिष्ट पालन हेतु 'क' पर वाद लाता है। बाद लंबित रहने के दौरान 'क' मकान 'ग' को बेच देता है जिसे वाद लंबित होने की सूचना नहीं है। 'ख' के पक्ष में आज्ञप्ति पास होती है। क्या डिक्री को 'ग' के विरुद्ध निष्पादित कराया जा सकता है ?

10. (a) "Once a mortgage always a mortgage, nothing but a mortgage." Explain this rule and illustrate the circumstances which constitute clog on equity of redemption. 15

''बंधक सदा बंधक होता है बंधक के अलावा कुछ नहीं ।'' इस नियम की व्याख्या कीजिए तथा उन परिस्थितियों का उदाहरण दीजिए जो मोचन की साम्या पर अवरोध गठित करते हैं।

(b) Distinguish between mortgage and charge. 5

बंधक तथा भार में अन्तर बताइये।

---

SAMPLE

# 2014

# LAW
# विधि

## PAPER – III
## प्रश्न–पत्र – III

**Full Marks : 100** | **Time : 3 Hours**
**पूर्णांक : 100** | **समय : 3 घण्टे**

**Note :**

**सूचना :**

*Candidates are required to answer **five** questions selecting **compulsorily one** question from **each** Section.*

*अभ्यर्थीगण कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न का उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

**Marks**
**अंक**

SECTION – A
**खण्ड – क**

1. a) Pointing out the conditions of a valid Hindu marriage under the Hindu Marriage Act, 1955, state the effects of violation of each of those conditions on the validity of the marriage. **10**

   हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत एक वैध हिन्दू विवाह की आवश्यक शर्तों का उल्लेख करते हुए उन प्रत्येक शर्तों के उल्लंघन की विवाह की वैधता पर प्रभावों को बतायें ।

   b) State with the help of decided cases, the grounds on which a decree of judicial separation may be obtained under the Hindu Marriage Act, 1955 and distinguish between a decree of judicial separation and a decree of divorce. **10**

   निर्णित वादों की सहायता से उन आधारों को बतायें जिन पर हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत न्यायिक पृथक्करण के लिए डिक्री प्राप्त की जा सकती है तथा न्यायिक पृथक्करण की डिक्री एवं विवाह विच्छेद की डिक्री में प्रभेद कीजिए ।

Marks
अंक

2. a) State the provisions relating to intestate succession of a female Hindu under the Hindu Succession Act, 1956. 15
हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निर्वसीयती हिन्दू स्त्री के उत्तराधिकार के उपबन्धों को बतायें ।

b) Who will succeed to the self acquired property of a Hindu male dying intestate leaving behind him his father, mother, brother and a married daughter ? Explain. 5
अपने पीछे पिता, माता, भाई एवं विवाहित पुत्री को छोड़कर निर्वसीयत मरने वाले एक हिन्दू पुरुष की स्वत: अर्जित सम्पत्ति का उत्तराधिकारी कौन होगा ? स्पष्ट कीजिए ।

## SECTION – B
## खण्ड – ख

3. a) State the Koranic heirs under Shia Law of inheritance and distinguish them with Sunni Law of inheritance. 10
शिया उत्तराधिकार विधि के अन्तर्गत कुरानिक उत्तराधिकारियों को बतायें तथा उन्हें सुन्नी उत्तराधिकार विधि से प्रभेद करें ।

b) Explaining the essential conditions of a valid gift under the Muslim Law, state the circumstances, if any, when transfer of possession is not necessary for making gift. 10
मुस्लिम विधि के अन्तर्गत वैध दान के आवश्यक शर्तों की व्याख्या करते हुए उन परिस्थितियों को बतायें, यदि कोई हों, जब दान हेतु कब्जे का परिदान आवश्यक नहीं है ।

4. a) With the help of decided cases and statutory laws explain the rights of maintenance of a Muslim divorced women. 10
निर्णित वादों एवं संविधिक विधियों की सहायता से एक तलाकशुदा मुस्लिम स्त्री के भरण-पोषण के अधिकार की व्याख्या कीजिए ।

b) Stating the concept of presumption of legitimacy under Muslim Law, point out the differences between Muslim Law and Section 112 of Indian Evidence Act in this regard. 10
मुस्लिम विधि के अन्तर्गत धर्मजत्व की अवधारणा को बताते हुए इस संदर्भ में मुस्लिम विधि एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 112 के बीच विभिन्नताओं का उल्लेख करें ।

Marks
अंक

## SECTION – C
## खण्ड – ग

5. Explaining the reasons for enactment of the Jharkhand Building (Lease, Rent and Eviction) Control Act, 2011 state the provisions relating to regulation of rent under the Act. 20
झारखण्ड भवन (पट्टा, किराया व निष्कासन) नियंत्रण अधिनियम, 2011 के अधिनियमन हेतु कारणों की व्याख्या करते हुए इस अधिनियम के अन्तर्गत किराये का विनियमन से सम्बन्धित उपबन्धों को बतायें।

6. a) Point out the Landlord's responsibilities and Tenant's duties under the Jharkhand Building (Lease, Rent and Eviction) Control Act, 2011. 10
झारखण्ड भवन (पट्टा, किराया व निष्कासन) नियंत्रण अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत मकान मालिक के उत्तरदायित्त्व तथा किरायेदार के कर्तव्यों का उल्लेख करें।

b) State the provisions relating to eviction of a tenant under the Jharkhand Building (Lease, Rent and Eviction) Control Act, 2011. 10
झारखण्ड भवन (पट्टा, किराया व निष्कासन) नियंत्रण अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत किरायेदार के निष्कासन से सम्बन्धित उपबन्धों को बतायें ।

## SECTION – D
## खण्ड – घ

7. a) State the cases in which specific performance of a contract can be enforced and when can not be enforced. 15
उन परिस्थितियों को बतायें जब संविदा के विनिर्दिष्ट अनुपालन को प्रवर्तित किया जा सकता है ताथा जब नहीं प्रवर्तित किया जा सकता है।

b) 'A' contracts with 'B' to lend money to 'B' on a mortgage. Can specific performance of this contract be enforced ? Give reasons. 5
'अ' बन्धक पर 'ब' को धन उधार हेतु 'ब' से संविदा करता है। क्या इस संविदा का विनिर्दिष्ट अनुपालन प्रवर्तित किया जा सकता है ? कारण दें।

8. Explain the various kinds of injunctions that can be issued under the Specific Relief Act, 1963. 20
विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के व्यादेशों की व्याख्या करें जिन्हें जारी किया जा सकता है।

**Marks**
**अंक**

## SECTION – E
## खण्ड – ङ

**9.** a) Explaining the concepts of possession and ownership. Distinguish between them. **15**

कब्जा एवं स्वामित्व की अवधारणाओं की व्याख्या करते हुए उनमें प्रभेद कीजिए।

b) A's gold ring is dropped in a canal. B finds the ring. A claims the ring. Decide. **5**

अ की सोने की अँगूठी नहर में गिर जाती है। ब उस अँगूठी को पाता है। अ अँगूठी की दावा करता है। निर्णित कीजिए।

**10.** a) Explain the concepts of General Jurisprudence and Particular Jurisprudence. **10**

सामान्य विधिशास्त्र एवं विशिष्ट विधिशास्त्र की अवधारणा को समझाइए।

b) Stating the importance of custom as a source of law, point out the essential ingredients of a valid custom. **10**

विधि के एक स्त्रोत के रूप में प्रथा के महत्त्व को बताते हुए एक वैध प्रथा के आवश्यक अवयवों को उल्लिखित करें।

---

SAMPLE

# 2014

# ENGLISH AND HINDI

## (अंग्रेजी – हिन्दी)

## PAPER – IV

## प्रश्न–पत्र – IV

**Full Marks : 100**
**पूर्णांक : 100**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

**Note :**
**सूचना :**

*Questions are divided into **two** Parts, **one English** and other **Hindi**.*
***All** questions are **compulsory**. Marks are indicated against **each** question.*
*प्रश्नपत्र दो भागों में विभक्त है, प्रथम **अंग्रेजी** और द्वितीय **हिन्दी** ।*
***सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख अंक दिए गए हैं ।*

## PART – I : English
## भाग – I : अंग्रेजी

**Marks**
**अंक**

1. Write an essay on **any one** : **14**
   i) Right to Information
   ii) Impact of Media
   iii) Cultural heritage of Jharkhand.

2. Read the following passage carefully and make a precise by giving a suitable title also. **12**

The great advantage of early rising is the good start, it gives us in our day's work. The early riser finishes a large amount of work before other men have out of bed. In the early morning, the mind is fresh and there are few sounds or other distractions so that the work done at this time is generally well done. In many cases, the early riser also finds time to take some exercise in the fresh morning air and this exercise supplies him with a fund of energy that will last until the evening. By beginning so early the early riser knows that he has plenty of time to do his work and is not, therefore tempted to do anything in hurry. He goes to sleep several hours before mid-night at the time. When the sleep is most refreshing and after a night's sound rest rise early next morning in good health.



P.T.O.

Marks
अंक

3. Translate the following into **English** : 12

किसी कार्य को करने या उससे प्रविरत रहने की रज़ामन्दी आचरण द्वारा भी की जा सकती है । आशय प्रकट करने के लिए शब्द ही एकमात्र तरीका नहीं हैं । आचरण द्वारा भी किसी वचन को या वचन के लिए सहमति को उतना ही स्पष्ट किया जा सकता है, जितना शब्दों द्वारा । प्रस्थापना तथा उसके प्रतिग्रहण का कोई विशेष प्रारूप आवश्यक नहीं है, और न ही संविदा-विधि या माल-विक्रय विधि यह अनिवार्य करती है कि पक्षकारों की सहमति लिखित ही हो । पक्षकारों के आचरण से संविदा के लिए सहमति का परिणाम मिल सकता है और ऐसे आचरण में कार्य या लोप शामिल होगा ।

4. Write a paraphrase of the following : 12

If the people who are elected are capable and men of character and integrity, then they would be able to make the best ever of a defective constitution. If they are lacking in these, the constitution can not help the country. After all, a constitution like a machine is a lifeless thing. It acquires life because of the men who control it and operate it, and India needs today nothing more than a set of honest men who will have the interest of the country before them. It requires men of strong character, men of vision, men who will not sacrifice the interests of the country at large for the sake of smaller groups and areas. We can only hope that the country will throw up such men in abundance.

## PART – II : Hindi
## भाग – II : हिन्दी

5. "कार्यस्थल पर महिला-यौन हिंसा से संरक्षण" पर एक निबन्ध लिखिए । 14

6. निम्नलिखित का संक्षेपण लिखिए : 12

अब यह स्पष्ट रूप से मान्य है कि मूलाधिकारों एवं राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के बीच अंतर है । मूलाधिकारों का प्रमुख उद्देश्य राज्य की मनमानी शक्तियों के विरुद्ध नागरिकों को संरक्षण प्रदान करना है । मूलत: मूलाधिकारों की प्रकृति सिविल एवं राजनीतिक अधिकारों से जुड़ी रही है । वहीं दूसरी ओर राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का मूल उद्देश्य नागरिकों को सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से संरक्षण प्रदान करना है । इसके अन्तर्गत राज्य की भूमिका एक अभिमापक के समान है । यद्यपि कि राज्य इन्हें प्राप्त करने के लिए बाह्य नहीं है परन्तु इन्हें लागू किए बिना संविधान की उद्देश्यिका में वर्णित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सकता । नीति-निर्देशक तत्वों को न्यायालयों द्वारा अप्रवर्तनीय बनाया गया है, जिसका प्रमुख कारण यह था कि संविधान-निर्माता राज्य को पर्याप्त छूट देना चाहते थे जिससे कि वह इन तत्वों को अपनी आर्थिक क्षमता के आधार पर लागू कर सकें । सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अनेक निर्णयों में यह अभिनिर्धारित किया है कि मूलाधिकारों एवं नीति-निर्देशक तत्वों के बीच सामंजस्य संविधान का मूल ढ़ाँचा है जिसे संशोधित नहीं किया जा सकता ।

Marks
अंक

7. निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 12

A criminal act may be committed by a person of his own accord or on the suggestions of another. The person who suggests the commission of a crime called an Abetor or under English Law an accessary. A criminal act may be committed by the person himself or in conjunction with others. If a person commits it himself, he is known as the actual offender, who is called under English Law a 'principal' in the first degree if he is committed it in conjunction with others, the other participators are known as accomplies distinguished as principals in second degree.

8. निम्नलिखित का भावानुवाद लिखिए : 12

दण्ड विधि के महत्त्व को भली-भाँति समझने के लिए अपराध शास्त्र, दण्ड शास्त्र तथा दण्ड-विधि के परस्पर सम्बन्धों का विवेचन करना उचित होगा । ये तीनों ही अपराध विज्ञान के अविछिन्न अंग होने के कारण एक-दूसरे से घनिष्ठत: सम्बन्धित है । दण्ड का निर्धारण प्राय: अपराधों की प्रकृति तथा गम्भीरता पर निर्भर करता है । अत: अपराधों की स्थिति का अनुमान दण्ड-विधि के आधार पर सरलता से लगाया जा सकता है । अपराध और दण्ड-विधि की घनिष्ठता केवल इस बात से ही सिद्ध हो जाती है कि दण्ड-विधि केवल उन्हीं मानव-आचरणों को अपराध मानती है जिनके लिए दण्ड-संहिता में दण्ड की व्यवस्था है ।

---